
**खबर संक्षेप**

## शिक्षक तेज लाल राय हुये सेवानिवृत्त, दी गई विदाई



**भुआबिछिया।** नगर के वार्ड नंबर आठ के निवासी शिक्षक तेज लाल राय का 30 अप्रैल 2026 को 38 वर्ष की सेवा कर एकीकृत माध्यमिक शाला पड़रिया से सेवानिवृत्त हुयें है, सेवानिवृत्त पर उनका शाला परिवार में शिक्षकों, बच्चो, परिवारजनों, परिजनों और मित्रों ने उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। कहते हैं कि शिक्षण एक पेशा नहीं बल्कि एक पवित्र मिशन है भावी पीढ़ी को सही राह दिखाने में आपका समर्पण अतुलनीय है शिक्षक केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाते वे जीवन जीते हैं और भविष्य गढ़ते हैं आपकी शिक्षा क्षेत्र में लंबी सेवा और मार्गदर्शन अनगिनत जीवन सवारें है अब समय है कि आप अपनी पसंद के कार्यों का आनंद लें सेवानिवृत्ति पर सभी ने शुभकामनायें देते हुये उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### नेशनल हाईवे 30 में बाई पास निर्माण का काम शीघ्र कराए जाने की मांग

# शहर के अंदर मुख्य मार्ग पर लगता घंटों जाम

*** बस स्टैण्ड के समीप स्थिति ज्यादा गंभीर है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

नगर परिषद बिछिया के हृदय स्थल से गुजरने वाला नेशनल हाईवे 30 इन दिनों शहरवासियों और राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। व्यस्ततम मार्ग होने के कारण शहर के अंदर आए दिन लग रहे लंबे जाम ने यातायात व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है।





### प्रमुख समस्याएँ: क्यों थम रही है रफ्तार?

शहर के बीचों-बीच से गुजरने वाले इस नेशनल हाईवे पर भारी वाहनों का दबाव और स्थानीय बाजारों की भीड़ के बीच तालमेल की कमी जाम का मुख्य कारण है।

### अतिक्रमण की मार

मुख्य मार्ग के दोनों ओर बढ़ते अतिक्रमण ने सड़क को संकरा कर दिया है।

### पार्किंग का अभाव

व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के पास पार्किंग की व्यवस्था न होने से लोग अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते हैं।

### भारी वाहनों का दबाव

रायपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राज मार्ग होने के कारण यहाँ से लगातार भारी भरकम ट्रक और ट्राले गुजरते हैं, जो शहर के व्यस्त समय में फंस जाते हैं। वही बस स्टैंड से निकलने वाली यात्री बसें सवारी लेने के चक्कर में स्टैंड से बहुत धीरे निकलकर चलती हैं और उनके पीछे वाहनों की लाईन लग जाती है और ट्रैफिक कुछ देर के लिए धीमा हो जाता ओर जाम के हालात निर्मित हो जाते हैं।

### व्यापार और आपातकालीन सेवाएं प्रभावित

जाम की इस स्थिति का सबसे बुरा असर एम्बुलेंस और दमकल जैसी आपातकालीन सेवाओं पर पड़ रहा है। कई बार गंभीर मरीजों को लेकर जा रही एम्बुलेंस घंटों जाम में फंसी रहती है। वहीं, स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि जाम के कारण ग्राहक बाजार आने से कतराने लगे हैं, जिससे व्यापार चौपट हो रहा है।

### प्रशासन से बाईपास की मांग

स्थानीय नागरिकों और नगर परिषद के पार्षदों ने कई बार प्रशासन से मांग की है कि बिछिया शहर के बाहर से बाईपास मार्ग का निर्माण किया जाए ताकि भारी वाहनों को शहर के अंदर न आना पड़े। वर्तमान में, पुलिस प्रशासन केवल खानापूर्ति के लिए ट्रैफिक जवान तैनात करता है, लेकिन स्थायी समाधान के अभाव में स्थिति जस की तस बनी हुई है।

स्थानीय निवासियों का कह है कि आए दिन जाम लगने से पैदल चलना भी दूभर हो गया है। प्रशासन को जल्द ही अतिक्रमण हटाने और यातायात के स्थायी प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए।

अब देखना यह होगा कि नगर परिषद और जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर क्या ठोस कदम उठाता है, या फिर बिछिया की जनता को इसी तरह सड़कों पर घंटों पसीना बहाना पड़ेगा।





## सड़क निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पिछले काफी समय से राष्ट्रीय राजमार्ग 543 डिण्डौरी से मण्डला तक सड़क निर्माण कार्य चल रहा है मण्डला के समीप पहुचंते-पहुंचते यह निर्माण कार्य जबलपुर-रायपुर सड़क निर्माण कार्य के जैसे नजर आने लगा है जिस तरह जबलपुर मार्ग निर्माण कार्य लोगों को 10 साल रूलाया है कमोवेश वही स्थिति मण्डला-डिण्डौरी सड़क मार्ग में रहने वालों या इस रास्ते से आने-जाने वालों की हो रही है।

पिछले एक वर्ष से सड़क को खोदकर रखा गया है और पूरी बरसात लोगों का आना-जाना दूभर रहा और फिर पूरे ठण्ड के मौसम में उड़ते धुंए के गुब्बार ने जहां इस क्षेत्र के लोगों को बीमार किया वहीं गृहस्थी का सामान और घरों की हालत ऐसी हो गई है जैसे किसी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में रहने वालों की होती है। कुछ स्थान छोड़-छोड़कर सड़क का निर्माण किया जा रहा है कहीं आधी-अधूरी सड़क बनी है तो कहीं सड़क किनारे ऊंची नाली का निर्माण कर दिया गया है। अब नाली के उस पार रहने वाले लोगों का आना-जाना मुश्किल भरा है सड़क जहां बनी है उसके बाद न तो मुर्रम की फीलिंग की गई है और न ही किसी तरह के संकेतक या अवरोधक लगाये गये हैं सड़क पर चलता हुआ वाहन कब सड़क से गड्ढे पर कूद जाता है पता ही नहीं चलता सड़क के बगल में नाली निर्माण को लेकर बड़े-बड़े गड्ढे किये गये हैं वहां पर भी किसी तरह के कोई अवरोधक, संकेतक या रेडियम नहीं लगाये गये हैं यहां भी पहली बार आने वाले वाहनों को धोखा होता है और उनके दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी हुई है।



## क्रूज हादसे में मृत हुये लोगों को प्रफुल्ल मिश्रा ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि



**मण्डला।** जबलपुर में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। भारतीय जनता पार्टी मंडला के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने इस हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी पर स्थित बरगी डैम में गुरुवार शाम हुआ यह हादसा बेहद दुखद और पीड़ादायक है। तेज आंधी-तूफान के बीच पर्यटकों से भरा क्रूज अचानक अनियंत्रित होकर डूब गया, जिससे कई परिवारों की खुशियां पल भर में उजड़ गईं। जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने नम आँखों से मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस हादसे में 9 लोगों की मौत होना अत्यंत दुखद है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि लापता लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित खोज लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से सबक लेते हुए भविष्य में सुरक्षा इंतजामों को और मजबूत किया जाना बेहद आवश्यक है, ताकि इस तरह की त्रासदी दोबारा न हो। यह हादसा न सिर्फ जबलपुर बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक गहरा आघात है, जिसने सभी को शोक में डुबो दिया है।

## अचानक मौसम बदला ओर तेज बारिश, चला आंधी तूफान

*** बहुत से ग्रामों में ओले गिरे, मौसम बदला तो बिजली भी बंद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अप्रैल माह के आखिरी दिनों से लगातार तेज धूप ओर गर्मी से जहां लोग बेहाल थे वहीं अचानक मोसम बदला दो चार दिन आंधी तूफान चला छुट-पुट कहीं-कहीं बारिश की बूंदाबांदी हुई मगर गर्मी तेज रही, विगत शुक्रवार से फिर मौसम बदला आंधी तूफान के साथ बारिश हुई मगर कल शनिवार को दिन में तीन बार आंधी तूफान के साथ तेज बारिश ने मौसम विभाग द्वारा बताए जा रहे अनुमान को सही साबित कर दिया, मौसम विभाग के बताए अनुसार आगामी 6 मई तक बारिश आंधी तूफान चलने का सोशल मीडिया पर बताया गया है, आज



सुबह से शाम तक तीन बार आंधी तूफान के साथ बारिश हुई जिससे आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया, वही आस पास ग्रामों से दिन में आंधी तूफान बारिश के साथ ओले गिरने का समाचार मिला बताया गया कि खटोला किसली भीलवानी में पानी के साथ ओले गिरे, बारिश की वजह से लगातार बिजली की आपूर्ति बार बार बंद कर दी फिर पिछली रात्रि से लगातार बिजली की आवाजाही लगी है मौसम के बदलने से उमस बढ़ गई ओर फिर बिजली का बंद होना उमस भरी गर्मी से लोगों को बेहाल कर दिया ऐसे समय में बिजली विभाग से संपर्क नहीं हो पा रहा, जरा सी बारिश में ये हाल है तो आने वाले समय में क्या होगा, मेंटेनेश के नाम पर बार बार समय लेना फिर थोड़ी सी वारिश में लाइट बंद क्या है कैसे चल रहा इतना बड़ा पावर हाउस बिजली वाले ने नगर सहित ग्राम देहातो में भी यही हाल कर दिया है समाचार लिखे जाने तक बिजली की आपूर्ति बंद है।

## मण्डला के तिलक वार्ड में मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

**मण्डला शहर के तिलक वार्ड में एक कच्चे मकान के अंदर अज्ञात युवक का शव मिला है। शनिवार को स्टेडियम ग्राउंड के पीछे नाले से लगे इस मकान में शव मिलने से हड़कंप मच गया। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है।**



जानकारी के अनुसार, यह मकान रामदास बैरागी का है, जो अक्सर काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं। पड़ोसियों को घर से तेज दुर्गंध आने पर उन्होंने रामदास बैरागी को सूचना दी। पहले किसी जानवर के मरने की आशंका जताई गई थी। सफाईकर्मियों को बुलाकर जांच कराई गई। उन्होंने मकान के पीछे से जाकर देखा तो अंदर एक व्यक्ति का शव होने की पुष्टि हुई। सूचना मिलने पर मकान मालिक रामदास बैरागी भी मौके पर पहुंचे। रामदास बैरागी ने बताया कि कमरे के भीतर एक अज्ञात व्यक्ति औंधे मुंह पड़ा हुआ था और पूरे कमरे में बदबू फैली हुई थी। शव काफी पुराना लग रहा था और पैरों में कीड़े लगने से उसके सड़ने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच है, लेकिन उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता चल सके कि युवक मकान तक कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई।

**आयोजन** | झंकार भवन में आयोजित लाड़ली लक्ष्मी उत्सव में शामिल हुई मंत्री श्रीमती उइके।

# बालिकाओं के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश

*** लाड़ली लक्ष्मी योजना बेटियों के सशक्त भविष्य की मजबूत नींव।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने झंकार भवन मंडला में आयोजित लाड़ली लक्ष्मी उत्सव 2026 के अवसर पर अपने विस्तृत और प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि आज की बालिकाएं कल के सशक्त समाज की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना केवल आर्थिक सहायता देने वाली योजना नहीं है, बल्कि यह बेटियों को आत्मनिर्भर, शिक्षित और आत्मविश्वासी बनाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2007 में शुरू की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, लिंगानुपात में सुधार लाना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी, रोहित बड़कुल, अनूप नामदेव सहित अन्य अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग का अमला, छात्राएं और उनके अभिभावक मौजूद थे।





अपने संबोधन में मंत्री श्रीमती उइके ने अभिभावकों से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि वे बेटियों को बोझ नहीं, बल्कि परिवार और समाज की शक्ति के रूप में देखें। जब एक बेटी शिक्षित होती है, तो पूरा परिवार शिक्षित होता है इस बात पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा में निवेश, राष्ट्र के भविष्य में निवेश है।हाल ही में कक्षा दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम ने यह साबित कर दिया कि जिले की बेटियां किसी से कम नहीं है।

मंत्री श्रीमती उइके और अन्य अतिथियों ने एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान के तहत परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया। सभी लाड़ली बालिकाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश की बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और आने वाले समय में वे देश और समाज का नाम और भी ऊंचा करेंगी।

उन्होंने उपस्थित छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने सपनों को सीमित न रखें, बल्कि बड़े लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें हासिल करने के लिए मेहनत करें। सरकार हर कदम पर उनके साथ है और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है।

उल्लेखनीय है कि इस योजना के प्रारम्भ से लेकर वर्तमान तक जिले की 87943 बालिकाएं लाभान्वित, 71287 बालिकाएं छात्रवृत्ति से लाभान्वित और 1543 बालिकाएं उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहन राशि से लाभान्वित की गई हैं।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना के आश्वासन प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही संस्कृति प्रस्तुतियाँ देने वाली टीम को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि कार्यक्रम का संचालन अर्पिता झरिया द्वारा किया गया।

## मण्डला में जमकर चल रहा सट्टा, नारायणगंज बना सट्टे का गढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पिछले दिनों पुलिस की जबरदस्त कार्यवाही में आईपीएल में लग रहे सट्टे के पूरे नेटवर्क को पकड़ा गया था जब पुलिस इस सायबर सट्टे को पूरे गिरोह के साथ पकड़ सकती है तो फिर क्या कारण है कि जो नगर में कागजों में और पट्टियों में सट्टा लिखा जाता है उस तक पुलिस नहीं पहुंच पा रही।

नगर की बात करें तो नगरपालिका कार्यालय के आसपास ज्ञानदीप स्कूल के सामने की गली में इतनी बड़ी मात्रा में सट्टा का कारोबार चल रहा है कि रोजाना लाखों रूपये की कमाई ये सट्टेबाज कर लेते हैं। ज्ञात हो कि यह क्षेत्र नगर का बहुत ही संवेदनशील क्षेत्र हैं जहां पास में शिक्षण संस्थायें हैं, जिला मजिस्ट्रेट का बंगला है, पास ही में पुलिस थाना, यातायात थाना और महिला थाना भी है, सामने नगरपालिका कार्यालय है इसके बावजूद इस स्थान पर खुले रूप में इतनी बड़ी मात्रा में सट्टा पट्टी का कारोबार कैसें संचालित हो पा रहा है यह समझ से परे है।

### नारायणगंज में गली-गली सट्टे का जोर

नारायणगंज क्षेत्र इन दिनों अवैध सट्टे के कारोबार का केंद्र बनता जा रहा है। जानकारी के अनुसार मोहल्ले-मोहल्ले में खुलेआम सट्टा लिखा जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। खास बात यह है कि यह गतिविधियां भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर भी बेखौफ संचालित हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही।

सूत्रों की मानें तो सटोरिये दिनदहाड़े लोगों के बीच बैठकर सट्टा लिख रहे हैं, जिससे यह सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर टिकरिया पुलिस की नजर इन गतिविधियों पर क्यों नहीं पड़ रही। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पुलिस की निष्क्रियता या मिलीभगत के चलते सटोरियों के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सट्टा कारोबार के कारण युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है और सामाजिक माहौल भी बिगड़ रहा है। कई बार शिकायतों के बावजूद यदि कार्रवाई नहीं होती है, तो यह कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन और टिकरिया पुलिस इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और अवैध सट्टे के इस नेटवर्क पर कब तक लगाम लग पाती है।

# तेज आंधी के साथ आई बारिश ने बरसाया कहर, लोगों के घरों के छप्पर उड़ने के साथ बिजली व्यवस्था चौपट, गेंहू विक्रय केन्द्रों पर किसानों की फसलें हुई खराब











हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

प्रकृति की मार का सामना करते करते अब अन्नदाता टूटने के लिये मजबूर होते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है। क्योंकि इस समय देखा जा रहा है कि जहां भीषण गर्मी के बीच क्षेत्र के किसान अपने गेंहू फसलों का विक्रय करने के लिये खरीदी केन्द्रो पर लाइनों में खड़े हुये देखे जा रहा है। मगर प्रकृति की मार उनका पीछा वहां पर भी छोड़ने से नही चूक रही है। इस बात की सच्चाई बीते हुये शनिवार की शाम उस समय देखने मिली जब सुबह से निकली हुई तेज धूप के बाद अचानक आसमान पर काले बादल छाते हुये जिस तरह तेज आंधी के साथ बारिश आई तो उसने सबकुछ तहस नहस करने में कोई कसर नही छोड़ी। क्योंकि लाईनों में खड़े हुये गेंहू से भरे हुये किसानो के ट्रेक्टर ट्राली भीगने से नही बच पाये। वही दूसरी ओर क्षेत्र में अनेक जगहों पर तेज हवा के चलते पेड़ गिरने के कारण बिजली व्यवस्था चौपट होने के चलते शहर की संपूर्ण बिजली सप्लाई समाचार लिखे जाने तक बंद रही। इस तरह दोपहर 3 बजे से बंद हुई बिजली लाईन के सुधार में समाचार लिखे जाने तक बिद्युत अमला जुटा हुआ देखा गया। तेज आंधी के चलते जहां लोगों के घरों के छप्पर सहित अन्य सामग्री के हवा में उड़ते हुये दूर दूर तक जाते हुये देखा गया। वही दूसरी ओर नगर में जहां तहां लगे हुये फैलक्सों के हवा में उड़कर जब वह बिजली लाईनों से टकराये गये तो फाल्ट बनने से बिजली लाईनों के केबिलों में आग लगते हुये देखी गई। वही बिजती तार टूटने से नही बच पाये। इस तरह शनिवार को दोपहर के बाद प्रकृति द्वारा बरसाये गये कहर के चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा गया। क्योंकि बिजली व्यवस्था ठप्प होने के कारण शाम के समय शहर की जल सप्लाई नही होने से लोग पीने के पानी को लेकर परेशान होते हुये देखे गये। यह बात जरूर है कि बैमौसम हुई बारिश के चलते लोगों को कुछ हद तक गर्मी से राहत महसूस जरूर होते हुये देखी जा रही है। मगर आंधी तूफान के चलते काफी क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा गया है। वही दूसरी ओर इस समय चल रहे शादी सीजन के चलते लोगों द्वारा शादी समारोहों के चलते लगाये गये टेन्ट उड़ने के कारण विवाहिक कार्यक्रमों में भी बाधा पहुंचने से नही चूक पा रही है।

## खबर संक्षेप

### नवीन विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन आज से, पंच दिवसीय कार्यक्रम मंदिर में बहेगी धर्म की गंगा



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के श्रीदेव अटल बिहारी मंदिर मे अखिल कोटि ब्रह्माण्ड नायक परमाराध्य लाड़ले ठाकुर श्रीदेव अटल बिहारी लाल के नवीन विग्रह एवं श्रीदेव अटल बिहारी लाल युगल सरकार उत्सव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पंच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन आज 3 मई से किया जा रहा है। बताया जाता है कि यह पंच दिवसीय कार्यक्रम में 3 मई दिन रविवार को ब्राह्मण आगमन, मंडल निर्माण, शाम 7 बजे से भजन संध्या, कल 4 मई को प्रातः मुंडन संस्कार, दश विधि स्नान, जल मात्रिका पूजन, शाम को पंचांग पूजन व आरती, 5 मई को प्रातः पंचांग एवं मंडल पूजन, शाम को आरती, 6 मई को शाम 5 बजे भव्य शोभा यात्रा व आरती, 7 मई को महास्नान, सहस्त्र धाराभिषेक शाम को 5 बजे हवन कुंड निर्माण व हवन, आरती एवं अंतिम दिवस यानि की 8 मई को सुबह प्राण प्रतिष्ठा व भंडारा शाम 7 बजे से भोजराज धर्मशाला में होगा। इस आयोजन में श्रीदेव अटल बिहारी मंदिर भक्त मंडल गाडरवारा ने श्रद्धालुओ से उपस्थिति अपेक्षा व्यक्त की गई है।

### कागजों में दबकर समाप्त हो जाती है शासन की अनेक योजनाएं

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** राज्य और केन्द्र शासन ने प्रदेश के विकास हेतु कई कल्याण कार्ययोजनाएं जनता के हितार्थ बना दी है कि उनकों अमलीजामा पहनाना संदिग्ध हो चला है, योजनाओं का कितना क्रियान्वयन हुआ है और क्या उसमें कमी है, इसकी सूक्ष्मता से जांच जरूरी है? क्योंकि कागजी आंकड़ों मे योजनाओं को सफल बता दिया जाता है, इसके लिए जिम्मेदार होते है नौकरशाह और अफसरशाही वर्ग जो कि नेताओं को गुमराह कर योजनाओं को नीतियों को सफल क्रियान्वयन होना तो बता देते है परंतु नतीजा शून्य ही होता है? जिस प्रकार से शासन द्वारा आम लोगों के हितों को ध्यान रखते हुये योजनाओं की झड़ी लगा दी परंतु योजनाओं की परिणति क्या हुई होगी, इसका अंदाजा पूर्व से लेकर अब तक ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधि बने बैठे पार्टी के हम दर्दियों द्वारा ही प्रदेश के मुखिया की योजनाओं को किस प्रकार से क्रियान्वयन किया जा रहा है जो मात्र कागजों में तो दिखाई दे रही है, इसकी सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली अनेक पंचायतों में देखने मिली सकती है। जहां पर कागजो पर तो पंचायत में विकास कार्यो की गाड़ी पूरी तप्तार से दौड़ रही है, मगर सच्चाई कुछ और ही है? क्योंकि देखा जा रहा है कि प्रदेश मे पंचायतीराज, भ्रष्टाचार इर्ष्याद्विष एवं भाई भतीजावाद के आधार पर चल रहा है,? पंचायतों के माध्यम से जिन योजनाओं के कार्य सौंपे जाते है उनमे सही एवं पात्र लोगों को लाभ न मिलकर अन्य लोगों को इसका लाभ मिल जाता है? जिन पंचायतों मे आदिवासी सरपंच है एवं महिला सरपंच है उनके कर्ताधर्ता उप सरपंच या सचिव होते है जो सामान्य या अन्य वर्ग के होते है जो भाई भतीजावाद के आधार पर सरपंच को गुमराह कर शासन की राशि पर पलीता लगाते रहते है? शासन को उक्त समस्त योजनाओं की पुनः खोज खबर लेनी होगी ताकि प्रदेश सरकार को अपनी महत्ता के साथ साथ अपनी ही पार्टी के पंचायत स्तर पर बैठे जनप्रतिनिधियों की पंचायतों की जांच करना जरूरी है, क्योंकि देखा जाता है कि अक्सर पार्टी के लोग ही अपने नेता को मलाई खाने के चक्कर में बर्बाद कर देते है? जबकि इसमें बड़े नेता का कही कोई दोष नही होता है, मगर अपने ही चम्मचों के कारण कढ़ाई को परेशानी झेलनी पड़ती है।

### निर्मल घोषित ग्राम पंचायतों की गलियों में फैला रहा कीचड़ का साम्राज्य, ग्रामवासी हो रहे परेशान

**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत की मुहिम चलाते हुये संपूर्ण देश में स्वच्छता अभियान चलाते हुये शहरों से लेकर पंचायतों को भी स्वच्छता के नाम पर राशि प्रदान करते हुये गांव को स्वच्छ बनाने की पहल की जा रही है तो दूसरी ओर सरकार द्वारा जिन ग्राम पंचायतों के लिये निर्मल घोषित किया गया है उन्हें स्वच्छता के नाम पर अतिरिक्त धनराशि भी प्रदान की जा रही है। मगर देखा जा रहा है कि शासन द्वारा लगातार राशि खर्च किये जाने के बाद भी जब गांवों की सच्चाई देखी जा रही है।



## नियम विपरित वाहनों में लगे हुये लाईट बन रहे दुर्घटनाओं के कारण

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** क्षेत्र की सड़को पर दौड़ने वाली वाहनों की मनमानी पर अंकुश लगाने में प्रशासन की असफलता का परिणाम है कि वाहन चालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू दिखाई देने से नही चूक रहे है क्योंकि सड़को पर दौड़ने वाले कई वाहनो की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि वह निर्धारित नियमों के विरूद्ध संचालित होने के साथ साथ यह खस्ताहाल वाहन जहां पर्यावरण को बिगाड़ रहे है। वही ये दुर्घटनाओ के कारण भी बनने से भी नही चूक है..? क्योंकि जिस प्रकार से वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों में नियम विरूद्ध लाईट लगाये हुये है उसके चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित होने का प्रमुख कारण सामने आने से नही चूक पाता है। जहां अनेक चार पहिया वाहन इस प्रकार से होते है जिनका मात्र एक ही हेड लाईट चलते हुये देखा जाता है जिसके चलते इस प्रकार के वाहन को अधिकांश समय लोग दो पहिया वाहन समझते हुये अपनी मोटर साईकिल को काटता है तो वह दुर्घटना का शिकार होने से नही चूकता है..? वही दूसरी ओर अनेक वाहनों में निर्धारित माप दंडों के अतिरिक्त तेज रोशन वाली लाईट लगे होते है जो सामने से आने वाली वाहन चालक को रास्ता दिखना ही बंद हो जाता है, उसके कारण वह दुर्घटना का शिकार होने से नही बच पाता है? इस प्रकार की सच्चाई सबसे अधिक सड़को पर दौड़ रहे आटों में देखने मिल रहा है। क्योंकि आटों चालकों द्वारा अपने आटों में मनमाफिक रूप से आटों के ऊपर व अन्य जगहों पर जो अतिरिक्त लाईट लगाये हुये है वह छोटे वाहन चालकों के खिलाफ खतरा का कारण बनने से नही चूक रहे है? इस प्रकार की सच्चाई के चलते क्षेत्र के लोगों द्वारा शासन प्रशासन से अपेक्षा जताते हुये आटों व चार पहिया वाहनों में जिस प्रकार निर्धारित नियमों को दर किनार करते हुये अतिरिक्त लाईट लगाये गये है उनकी जांच के लिये एक मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जावे जिससे आये दिन घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।

## मादक पदार्थों के खिलाफ टीआई चौहान की मुहिम लगातार जारी, युवक के पास से गांजा सहित अन्य सामग्री की गई जप्त







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक डा ऋषिकेश मीना द्वारा जिले में लगतार OPERATION EAGLE CLOW चलाते हुये कार्यवाही की जा रही है। इस आदेश के परिपालन में गाडरवारा टीआई अशोक सिंह चौहान की टीम भी पीछे नही है। क्योंकि टीआई चौहान की टीम इस तरह अवैध धंधे में लिप्त करने वालों के लिये बाज की दृष्टि के समान साबित होने से नही चूक रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस टीआई चौहान की टीम द्वारा एक युवक के पास से गांजा सहित अन्य सामग्री जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। बताया जाता है कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली की समीपस्थ ग्राम आमगांव छोटा में एक व्यक्ति कुछ मादक पदार्थ विक्रय करने की जुगाड में घूम रहा है। इस जानकारी से टीआई चौहान द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराये जाने पर जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा आरोपी को माल सहित पकड़ने के आदेश दिये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन व उप पुलिस अधीक्षक ललित डागुर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस प्रकार बनाई गई टीम में मुख्य रूप से टीआई अशोक सिंह चौहान सहित सहायक उप निरीक्षक राजेश तिवारी चौकी प्रभारी बोदरी तथा आरक्षक महेन्द्र बावरिया, अक्षय श्रीवास्तव, सृजल भार्गव, सोहेब खान , मोहन चौरे, महिला आरक्षक ज्योति दुबे को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान यानि की आमगांव छोटा तालाब के पास एक युवक को संदिग्ध स्थिति में पाया गया। वही जब युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रसास करते हुये दिखाई दिया तो पुलिस का संदेह सच्चाई में बदलने से नही चूका और टीआई चौहान की टीम द्वारा युवक को घेराबंदी करते हुये पकड़कर जब उससे पूछताछ की गई तो युवक द्वारा अपना नाम मेहरबान सिंह पिता खेत सिंह अहिरवार उम्र 55 साल निवासी ग्राम शोभापुर, थाना सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम का रहने वाला बताया गया। वही तलाशी लेने पर युवक के पास से पुलिस को मादक पदार्थ 2 किलो गांजा सहित उसके विक्रय करने के लिये लोगों से संपर्क करने में उपयोग किया गया मोबाईल फोन पाये जाने पर पुलिस द्वारा गांजा सहित मोबाईल फोन जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ धारा 8,20(b) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार कर मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर पुलिस द्वारा इस बात का पता करने का प्रयास किया जा रहा है कि वह इस तरह गाडरवारा क्षेत्र में गांजा विक्रय करने के लिये किस का इंतजार कर रहा था।

## चीचली क्षेत्र में लक्ष्मीजी के आशीर्वाद के चलते कई एकड़ जमीन के मालिक भी प्राप्त कर रहे गरीबी रेखा के नीचे आने वाली योजनाओं का लाभ, जांच हुई तो चौकाने वाली सच्चाई आ सकती है सामने...?

हरिभूमि न्यूज/चीचली।




शासन की योजनाओं में मनमानी करना शायद अधिकारियो का आदत में बनता जा रहा है और इसी का परिणाम है कि सरकार द्वारा गरीबों का उद्वार करने के उद्वेश्य से चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बाद भी गरीबों की स्थिति जहां की तहां है ओर आपत्र जरूर धनवान बनने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? इस बात की सच्चाई नगर सहित जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में देखने मिल सकती है..? जहां पर बताया जाता है कि जिस तरह से गरीबी रेखा व अति गरीबी रेखा सूची में शामिल करने का खेल कुछ संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा माँ लक्ष्मी जी के आर्शीवाद के चलते खेल खेला जा रहा है उसके चलते सरकार का गरीबी हटाओ अभियान फैल होने के साथ गरीबों की संख्या बढ़ाने की सच्चाई दिखाई पड़ने से नही चूक पा रही है..? इस सच्चाई पर गौर किया जावे तो इसमें पात्र लोगों के नाम तो नही जुड पा रही है मगर साधन संपन्न लोग जरूरी गरीबी रेखा के अंदर का कार्ड प्राप्त करते हुये शासन की योजनाओं का लाभ लेकर मोटापा पढ़ाने में पीछे नही रह रहे है..? इस तरह पात्र गरीब आज भी सरकारी कार्यालयों का चक्कर काटते हुये देखे जा रहे है। किन्तु अपात्रों के नाम लक्ष्मी जी के आशीर्वाद के चलते जरूर जोड़े जाने की चर्चाये सुनाई पड़ रही है। जिसके चलते शासन की योजनाओं के चलते गरीबों को मिलने वाले हक का उपयोग अपात्र लोग आसानी से उठाते हुए देखे जा रहे है..? वही दूसरी ओर वास्तविक पात्र हितग्राही रोजी रोटी की तलाश में भटकने के लिए मजबूर हो रहे है। आमजन का कहना है कि यदि इस क्षेत्र की गरीबी व अतिगरीबी रेखा सूची पर गौर किया जावे तो अनेक गांवों में इस प्रकार के लोग मिल सकते है जिनके कई एकड़ खेतों में बने हुए नककूप्पों में मोटरे चल रही है और वह गरीबी रेखा की योजनाओं के हकदार बनते हुए शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए लाइनों में सबसे पहले दिखाई देते है..? यदि इमानदारी के साथ इस क्षेत्र की गरीबी रेखा सूची का ईमानदारी के साथ निरीक्षण किया जावे तो अनेक पंचायतों में इस प्रकार के गरीब मिल सकते है जो कई एकड़ जमीन के कास्तकारो होने के साथ साथ जिनकी पक्की बिल्डिग बनी हुई और उनकी बिल्ड़गों से ठंड के दिनों में जहां हीटरों से गर्म तो गर्मी के दिनों में घरों में लगी हुई ऐसी व कूलरों की डंडी हवाये निकलने से नही चूकती है। उन लोगों को इस सूची में शामिल करना अधिकारियों की लापरवाही या फिर प्रभावशालियों के दबाव का नतीजा के साथ साथ लक्ष्मीजी का आर्शीवाद ही माना जा सकता है? जिसके चलते अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा शासन के आदेशों को दर किनार करते हुए गरीबों की योजनाओं के हकदार साधन संपन्नों को बना दिया गया है? जबकि गौर किया जावे तो क्षेत्र में अनेक भूमिहीन गरीब इस प्रकार से घूमते हुए देखे जा सकता है जो शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जहां अधिकारियों के चक्कर काटने के लिए मजबूर देखे जा रहे है? जिस प्रकार की कार्य प्रणाली के चलते शासन की योजनाओं में पलीता लगाया जाना आम हो चुका है, जो गरीबों का हक अमीरों के लिए वरदान बना हुआ है? क्षेत्र वासियों का कहना है कि एक ओर जहां सरकार तो खुलीमंचों से गरीबों को लाभ देने की बात कह रही है मगर उन गरीबों को उनकी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र बनने ही नही दिया जा रहा है, यदि यहां की सूचियों की जांच की जावे तो गरीबों रेखा में ऐसे लोग पाये जा सकते है जिनके खेतों की सिंचाई करने के लिए कई नलकूपों से पानी निकाल रह है और वह गरीबी रेखा के माध्यम से सरकार द्वारा गरीबो के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर अतिक्रमण किये बैठे हुए है।

## दिन के समय शहर में भारी वाहनों की धमाचौकड़ी दे रही बडे खतरे की ओर संकेत...?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** महँगी कारों मे घूमने प्राशनिक अधिकारी लाख दावा करें कि शहर की यातायात व्यवस्था मे पूर्वापेक्षा सुधार हो रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि यहॉ की यातायात व्यवस्था अराजक है, जिसे पटरी पर लाने की पहले की गयी कवायद बेअसर साबित हुई है? शहर मे वाहनों की अधिकता के बावजूद जनसुरक्षा की जवाबदारी निभाने वाला विभाग अनियंत्रित गति से दिनरात धमाचौकडी करने वाली उन भारी भरकम ट्रकों पर ध्यान नही दे रहा है जो सारेआम सड़कों पर मौत का सायरन बजाकर असुरक्षा का माहौल निर्मित कर शहरवासियों को चिन्ता मे डाल रहे है। शहर की मुख्य सडकों पर धडल्लें से दौड़ रहे भारी भरकम ट्रक चालकों की हिमाकत के सामने लगता है कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने का ढोल पीटने वाले बौने साबित हो रहे है, जिसका परिणाम है कि शहर मे आवागमन जोखिम भर होता जा रहा है? समूचें शहर मे ट्रकों का कोलाहल, तेज ध्वनियॉ गॅूजने से शहरवासियों के सब्र का बांध टूट रहा है और भारी भरकम ट्रकों का नो एंट्री टाइम निश्चित होने के बाद भी उनका नगर में प्रवेश करना पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सबाल खडे कर रहा है? ज्ञात हो कि कुछ वर्ष पहले नगर में रही तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी सुश्री रंजना पाटने द्वारा नगरवासियों की मांग को ध्यान में रखते हुये सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर निषेध करते हुये स्थाई नो एन्ट्री लागू करने का आदेश पारित करते हुये उसे सुचारू कर दिया गया था जिसके चलते नगर के प्रवेश द्वारा पर नो एन्ट्री संबंधी वोर्ड भी लगे हुये है। वही लोगों का कहना है कि जब जब नगर में भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर नो एन्ट्री लागू करते हुए नगर में प्रवेश करने वाले स्थलों पर वोर्ड स्थापित करते हुए समय निश्चित कर दिया गया है, मगर इसके बाद भी नगर धडल्ले से भारी वाहनों का प्रवेश होना पुलिस प्रशासन की उदासीनता का प्रमाण है?

## क्षेत्र में अनेक जगहों पर खुलेआम बिजली तारों में कंटी लगाकर की जा रही बिजली चोरी, अधिकारियों की भूमिका सवालों के घेरे में ..

हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।



जहां एक ओर आम उपभोक्ताओं को बिजली विभाग द्वारा मनमाने बिल देते हुये उनसे बसूली की जा रही है तो दूसरी ओर खुलेआम हो रही बिजली चोरी की सच्चाई को बिजली विभाग के अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों द्वारा नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि बिजली चोरी करने वालों के हौसले लगातार बुलंद होते चले जा रहे है। सिहोरा से लेकर कल्याणपुर व चीचली क्षेत्र के अनेक गांवों में खुलेआम हो रही बिजली चोरी को लेकर क्षेत्र के लोगों का कहना है कि क्षेत्र जिस प्रकार बिजली विभाग द्वारा अपने निष्ठावान उपभोक्ताओं को मनमाने बिल दिये जा रहे है उसमें वह बिल भी शामिल किये जा रहे है जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार कायम थी और उसके द्वारा सभी के बिद्युत बिल माफ करने की बात कहने के साथ साथ कोरोना काल के दौरान प्रदेश की वर्तमान सरकार द्वारा भी उपभोक्ताओं के बिजली बिलों को माफ करने की घोषणा की गई थी। मगर अब देखा जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा पूर्व में शून्य किये गये बिलों को जोड़कर आम उपभोक्ताओं से बसूली करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। पूर्व के शून्य किये गये बिलों को चालकी के साथ उपभोक्ताओं के घरों में लगे हुये मीटरों का चुपचाप तरीके से लोड भार में इजाफा करते हुये मनमाने बिल देने के साथ साथ लोगों को शासन की सबसिटी योजना से बार कर दिये जाते है। जिसके चलते जहां निष्ठावान विद्युत उपभोक्ता जहां बिजली विभाग की मनमानी से परेशान होते हुये देखे जा रहे है तो दूसरी ओर चोरी से बिजली का उपयोग करने वाले अधिकारियों की कृपा दृष्टि के चलते मजे में दिखाई दे रहे है..? बताया जाता है कि जिस तरह बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के घरों में मीटर लगाते हुये उसकी रिडिंग के आधार पर बिल बसूले जाते है उसकी प्रकार से सालीचौका क्षेत्र के लिये भी निर्धारित मात्रा में उच्च स्तर पर बिजली सप्लाई करते हुये उसका लेखा जोखा रखा जाता है और संपूर्ण क्षेत्र का लेखा जोखा करते हुये संबंधित वितरण केन्द्र के कार्यालय को बसूली का जिम्मा सौपा जाता है। वितरण केन्द्र को उच्च स्तर से मिले हुये बिल में चोरी से बिजली उपयोग करने वालें की खपत भी शामिल हो जाती है और उसी अंतर को पूरा करने के लिये स्थानीय स्तर पर बिजली विभाग द्वारा निष्ठावान उपभोक्ता जिनके घरों में मीटर लगे हुये होते है उनके बिलों में इजाफा करते हुये बसूली करने में कोई सकर नही छोड़ी जाती है? क्योंकि उदाहरण के लिये देखा जावे तो संपूर्ण सालीचौका क्षेत्र में मान लिया जावे एक माह में 100 यूनिट बिजली प्रदान की गई है जिसमें 50 यूनिट बिजली निष्ठावान उपभोक्ताओं द्वारा उपयोग की गई और 50 यूनिट बिजली चोरी हो जाती है। मगर वितरण केन्द्र को तो ऊपर 100 यूनिट बिजली का ही हिसाब व बिल देना होता है। इस तरह चोरी हुई बिजली का हिसाब मिलाने के लिये उनके हिस्से का बिल भी ईमानदार उपभोक्ताओं के बिलों में जोड़कर बसूल करने से नही चूकते है और इसी का परिणाम है कि बिजली चोरी करने वालों के हौसले बुलंद होने से वह बगैर पैसा खर्च किये हुये अधिकारियों की कृपा दृष्टि से बिजली का उपयोग करने से नही चूक रहे है? क्योंकि बिजली विभाग के अधिकारी यदि निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन करने लगे तो एक यूनिट बिजली चोरी होना भी संभव नही हो सकता है..? मगर जब जिम्मेदार अधिकारियों की बिजली चोरी करने वालों पर कृपा दृष्टि बनी होगी तो बिजली चोरी को रोकना भी संभव नही हो सकता है? और इसी का परिणाम है कि क्षेत्र में जहां तहां बिजली लाईनों से कंटी फसी हुई आसानी से देखने मिल रही है जहां पर आये दिन बिजली विभाग के अधिकारियो से लेकर कर्मचारियों का आना जाना लगा रहने के बाद भी किसी भी प्रकार की कार्यवाही न होना निश्चित तौर से अधिकारियों की भूमिका पर सबाल खड़े करते हुये संदिग्ध बनाने से नही चूक पा रही है।

## खबर संक्षेप

### जिला चिकित्सालय अनूपपुर में एन.सी.डी. स्क्रीनिंग रक्तदान एवं नेत्र शिविर होगा आयोजित

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। विश्व रेडक्रास दिवस 8 मई के अवसर पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में रक्तदान शिविर, नेत्र शिविर एवं एन.सी.डी. स्क्रीनिंग आयोजित की गई है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अनूपपुर, को नोडल अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर विभिन्न अधिकारियों को आयोजन के सफल क्रियान्वयन के लिए दायित्व सौंपे है। विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर लोगों से ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने तथा इस अवसर पर आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर और एमसीडी स्क्रीनिंग का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के तहत आंगनबाड़ी में कार्यक्रम संपन्न

उमरिया। परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन वार्ड क्रमांक 20 के आंगनवाड़ी केंद्र में किया गया। कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित बालिकाएं,आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।उत्सव के दौरान बालिकाओं के सम्मान में कन्या पूजन किया गया तथा नन्हीं बालिकाओं द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को बताया गया कि बालिकाओं के सम्मान में प्रतिवर्ष 2 मई को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया जाएगा। साथ ही लोगों को जागरूक करते हुए कहा गया कि सभी बालिकाएं अपनी शिक्षा पूरी करें और कोई भी बालिका स्कूल छोड़ने वाली न हो, क्योंकि शिक्षा अधूरी रहने से उनके सामाजिक, मानसिक और आर्थिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया।

### 4 मई से एडीआर सेंटर भवन में साक्षात्कार

उमरिया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि कार्यालय, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम उमरिया में दिनांक 4 मई 2026 को कार्यालय सहायक, दिनांक 5 मई 2026 को रिसेप्शनिष्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं दिनांक 6 मई 2026 को टॉयपिंग टेस्ट एवं भृत्य पद के साक्षात्कार का आयोजन दिनांकवार किया जाना है। समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि समस्त अपने-अपने दिनांक के अनुसार समय प्रातः 9 बजे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के ए0डी0आर0 सेंटर भवन, जिला न्यायालय परिसर उमरिया में उपस्थित होवें।

### ग्राम बिझरिया में पशु पालकों को एंथ्रेक्स टीकाकरण की दी गई जानकारी

उमरिया। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने बताया कि पशुधन की सुरक्षा एवं संक्रामक रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से एंथ्रेक्स टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान पशु चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा बिझरिया गांव में पहुंचकर पशुपालकों को एंथ्रेक्स बीमारी के प्रति जागरूक भी किया गया। उन्हें बताया गया कि एंथ्रेक्स एक गंभीर संक्रामक रोग है, जो पशुओं के साथ-साथ मनुष्यों में भी फैल सकता है। इसके लक्षण, बचाव के उपाय एवं समय पर टीकाकरण के महत्व की जानकारी विस्तार से दी गई।पशुपालकों को यह भी समझाया गया कि किसी भी पशु में अचानक मृत्यु, बुखार या अन्य संदिग्ध लक्षण दिखाई देने पर तुरंत पशु चिकित्सक को सूचना दें। साथ ही मृत पशु के उचित निस्तारण एवं स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

# शहपुरा मुख्य मार्ग पर डिवाइडर क्रॉसिंग की मांग को लेकर नगरवासियों ने किया चक्का जाम







शहपुरा। शहपुरा में जबलपुर अमरकंटक मुख्य मार्ग पर डिवाइडर क्रॉसिंग की मांग को लेकर नगरवासियों का आक्रोश सामने आया। सेंट्रल बैंक के पास बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतर आए और चक्का जाम कर दिया। लोगों का कहना है कि इस स्थान पर बैंक सहित कई महत्वपूर्ण संस्थान मौजूद हैं जिससे यहां लगातार आवागमन बना रहता है। ऐसे में सुरक्षित आवाजाही के लिए डिवाइडर क्रॉसिंग बेहद जरूरी है।

स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से मांग के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। मजबूर होकर लोगों को सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करना पड़ा। करीब आधे घंटे तक चले इस चक्का जाम से यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।सूचना मिलते ही तहसीलदार और थाना प्रभारी अनुराग जामदार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें समझाइश दी जिसके बाद जाम समाप्त कराया गया और यातायात फिर से सुचारू हो सका।नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस स्थान पर डिवाइडर क्रॉसिंग का निर्माण कराया जाए ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने।



# अमरपुर में मजदूर संघ ने मनाया श्रमिक दिवस

अमरपुर। मध्य प्रदेश कंस्ट्रक्शन महासंघ भोपाल के ब्लॉक इकाई अमरपुर द्वारा विश्व श्रम दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा की चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राम कुमार यादव द्वारा कहा गया कि जिस प्रकार सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धा पेंशन का प्रावधान हैं। उसी प्रकार मजदूरों को भी एक खास उम्र के तहत मिस्त्री एवं मजदूरों को भी शासन द्वारा पेंशन देने का प्रावधान बनाया जाना चाहिए। जब वह असहाय हो जाएं तब उनको भरण पोषण में किसी के आश्रित ना रहना पड़े। इसके अलावा आयोजित श्रमिक संगोष्ठी को महेंद्र ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर, तोक सिंह मरावी अध्यक्ष ब्लॉक जन समस्या निवारक प्रकोष्ठ, आकाश नामदेव भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरपुर, गजेंद्र सिंह ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत अलोनी द्वारा भी संबोधित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच रामनाथ उद्दे, मदन यादव, संघ के सचिव मुन्ना लाल विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष रामदयाल विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष चंद्र सिंह मरावी, संरक्षक गन्धू सिंह धुर्वे, पहलाद ठाकुर, अत्तर परस्ते, फूल चंद, सेम सिंह, पूरन लाल विश्वकर्मा, राजवती मरावी, गीता बाई, सूरजवती विश्वकर्मा, शांति बाई विश्वकर्मा, इंद्रावती मरावी, द्रोपती बाई यादव, अशोक तेकाम, संतोष मरावी आदि पदाधिकारी एवं सदस्यगण भारी संख्या में मौजूद रहे।

# वार्ड क्रमांक 9 के आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना कार्यक्रम



शहपुरा - शहपुरा नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 2 मई 2026 को मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद एवं समाजसेवी सुरेंद्र साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनीता साहू, लता साहू, दुर्गेश साहू, राजकुमारी रजक, हीरा झारिया, कल्पना शर्मा, विद्या बनवासी, पार्वती साहू एवं सहायिका सत्या वनवासी सहित बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद रहे। कार्यक्रम में समस्त लाड़ली बालिकाओं एवं हितग्राहियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बालिकाओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही डांस प्रतियोगिता में भी बालिकाओं ने शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में वार्ड पार्षद सुरेंद्र साहू द्वारा लाड़ली बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। यह आयोजन बालिकाओं के सम्मान, शिक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है।

# अमरपुर कॉलेज में तालाबंदी को लेकर बढ़ा विवाद - प्राचार्य कक्ष में ताला लगाने का छात्रों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज अमरपुर।अमरपुर में संचालित शासकीय महाविद्यालय इन दिनों विवादों में घिर गया है। यह महाविद्यालय कई वर्षों से हायर सेकेंडरी स्कूल के भवन में संचालित हो रहा है। अब महाविद्यालय का नया भवन बनकर तैयार हो चुका है लेकिन उसमें बिजली फिटिंग सहित कुछ कार्य अभी शेष हैं। जिला स्तर पर गठित कमेटी की रिपोर्ट के बाद ही भवन का हस्तांतरण किया जाना प्रस्तावित है।इसी बीच नए भवन में महाविद्यालय संचालन की मांग को लेकर कुछ दिनों पूर्व बाहरी छात्रों द्वारा मुख्य मार्ग पर जाम लगाया गया था। इसके बाद दूसरे सप्ताह प्राचार्य कक्ष में तालाबंदी कर दी गई। महाविद्यालय प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में ताला खुलवाकर संस्था का संचालन फिर से शुरू कराया।इस कार्रवाई के विरोध में 28 अप्रैल को महाविद्यालय के छात्रों ने पुलिस चौकी अमरपुर में लिखित शिकायत दी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि अतिथि




विद्वान जयदीप दुबे भी इस गतिविधि में शामिल हैं। साथ ही एबीवीपी से जुड़े लक्ष्मण परमार गोकुल ठाकुर और तारेन्द्र ठाकुर पर आरोप लगाया गया कि वे महाविद्यालय के छात्र नहीं हैं और अवैध गतिविधियों में संलिप्त हैं।

छात्रों ने संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस के अनुसार मामले को जांच में लिया गया है और जांच पूरी होने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस तरह की गतिविधियों पर कब तक प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर पाता है।

# 1 मई से 30 मई तक चलेगा जनगणना अभियान



शहपुरा।शहपुरा में भारत सरकार के निर्देशानुसार 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक जनगणना अभियान चलाया जाएगा। जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत इस अवधि में मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। प्रशासन ने इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

इस अभियान के तहत क्षेत्र की जनसंख्या आवासीय स्थिति और नागरिक सुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्र किए जाएंगे। जनगणना दल घर घर पहुंचकर परिवारों से आवश्यक जानकारी जुटाएंगे। इसमें मकान की स्थिति परिवार के सदस्यों की संख्या पेयजल की उपलब्धता बिजली शौचालय गैस कनेक्शन वाहन तथा परिवार द्वारा उपयोग किए जाने वाले मुख्य अनाज से संबंधित जानकारी शामिल होगी। एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना दल को सही और पूर्ण जानकारी दें और इस राष्ट्रीय कार्य में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सटीक आंकड़ों के आधार पर ही शासन की योजनाएं बनती हैं और उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होता है इसलिए सभी नागरिक जिम्मेदारी के साथ इसमें भाग लें।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गणनाकर्मी किसी भी नागरिक से ओटीपी बैंक पासबुक या अन्य गोपनीय वित्तीय जानकारी नहीं मांगेंगे। नागरिक सतर्क रहें और केवल आवश्यक सामान्य जानकारी ही साझा करें।

# लाड़ली लक्ष्मी उत्सव में बालिकाओं का तिलक वंदन विधायकों ने दी योजना की जानकारी और शुभकामनाएं

डिंडौरी।

डिंडौरी में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में शासन के निर्देशानुसार 2 मई को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे और डिंडौरी विधायक ओमप्रकाश मरकाम सहित जिला पंचायत सदस्य हीरा परस्ते उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के दौरान शहपुरा विधायक ने लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं से संवाद करते हुए योजना की विस्तृत जानकारी दी। डिंडौरी विधायक ने बालिकाओं को उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पांच लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान लाड़ली लक्ष्मी वाटिका में आम जाम आंवला नीबू और मुनगा के पौधे जनप्रतिनिधियों और बालिकाओं द्वारा लगाए गए। बालिकाओं ने भी अपने उद्बोधन में योजना से मिलने वाले लाभों को साझा किया।कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर सहायक संचालक वंदना धुमकेती सहित परियोजना अधिकारी पर्यवेक्षक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में लाड़ली लक्ष्मी बालिकाएं उपस्थित रहीं।





# घोड़ा डेमन बाघ की निजता भंग, नियमों की धज्जियाँ

उमरिया।

**विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, जो कभी बाघों के निर्भीक विचरण और सख्त सुरक्षा तंत्र के लिए जाना जाता था, आज भ्रष्टाचार, लापरवाही और तानाशाही का अड्डा बन चुका है। ताला जोन से जो तस्वीरें और खबरें छनकर बाहर आई हैं, उन्होंने न केवल वन्यजीव संरक्षण के दावों की पोल खोल दी है, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यहां नियम केवल आम जनता और गरीब पर्यटकों के लिए हैं, रसूखदारों और खास फोटोग्राफरों के लिए तो पूरा कोर एरिया ही पिकनिक स्पॉट बन गया है।**

बीती 11 अप्रैल की सुबह, जब सूरज की पहली किरण के साथ बाघों की सुरक्षा का पहरा सख्त होना चाहिए था, तब बांधवगढ़ के कोर एरिया में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही थी, जानकारी के अनुसार, कुछ मनचाहे गाइडों और वाहन चालकों ने चंद रुपयों की लालच और तथाकथित प्रोफेशनल फोटोग्राफी के नाम



पर पर्यटकों की जान जोखिम में डाल दी। ये वाहन निर्धारित पर्यटन मार्ग की लक्ष्मण रेखा लांघकर घोड़ा डेमन नामक बाघ के उस सुरक्षित आश्रय स्थल तक जा पहुंचे, जहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता। इतना ही नहीं, बेहतर शॉट लेने की होड़ में इन वाहनों को उस दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र और गहरी खाई के मुहाने तक ले जाया गया, जहां एक छोटी सी चूक सामूहिक समाधि का कारण बन सकती थी। क्या टाइगर रिजर्व का प्रबंधन इस बात का इंतजार कर रहा है कि जब तक कोई बड़ी जनहानि न हो जाए, तब तक वे कुंभकर्णी नींद से नहीं जागेंगे।

### सुरक्षा तंत्र या सफेद हाथी

सवाल यह उठता है कि जब कोर एरिया के हर मोड़ पर गश्ती दल और नाके होने का दावा किया जाता है, तो ये गाड़ियां प्रतिबंधित रूट पर कैसे पहुंच गईं, क्या वन विभाग के मैदानी अमले ने अपनी आंखें मूंद ली थीं या फिर उन्हें ऊपर से मौन रहने का आदेश था? सूत्रों की मानें तो यह पूरा खेल कुछ चुनिंदा रसूखदार फोटोग्राफरों और प्रबंधन के चहेते गाइडों की मिलीभगत से चल रहा है। बाघों की निजता भंग करना कानून अपराध है, लेकिन यहां तो रक्षक ही भक्षक की भूमिका में नजर आ रहे हैं।

### रेलवे मजदूर कांग्रेस की कैडर मीटिंग संपन्न

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर का संकल्प है हमारे मेहनत कश रेलवे कर्मचारियों को उनके मेहनत का जायज हक मिले इसलिए रनिंग स्टाफ, सीसीटीएस, इलेक्ट्रिक लोको शेड स्टाफ व अन्य विभागों के कर्मचारियों को 08 पे कमीशन लाभ दिलाने हेतु 31 दिसंबर 2025 के पूर्व प्रमोशन दिलाया गया, प्रमोशन प्रक्रिया को त्वरित लागू कराने में बिलासपुर मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन, वरीष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी बिलासपुर डा० अंशुमन मिश्रा, सीनियर डीओपी बिलासपुर शशांक कोष्टा संवेदनशील अधिकारियों प्रमुख योगदान रहा, मजदूर कांग्रेस बिलासपुर का कर्तव्य है सभी प्रमोशन मिले उक्त बातें रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा शहडोल के कार्यालय 30 अप्रैल कैडर मीटिंग सभा को संबोधित करते मुख्य अतिथि मंडल समन्वयक बिलासपुर विजय अग्निहोत्री ने कही, कैडर मीटिंग सभा की अध्यक्षता कर रहे जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने कहा बिलासपुर रेल में सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य में कार्यरत रेल कर्मचारियों को रिडिपलाईमेट के नियम के तहत सभी को ऑप्शन का अवसर 02 साल के संघर्ष बाद दिलाया गया, मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री के नेतृत्व ट्रैक मेंटेनर पेट्रोलिंग बीट 16 किलोमीटर को 12 किलोमीटर का ऐतिहासिक निर्णय कराकर साथ ही सायकल एलाउंस का आदेश भी दिलाया गया। मजदूर कांग्रेस शाखा शहडोल के कैडर मीटिंग को संबोधित करते शहडोल शाखा सचिव बालकृष्ण बंगारी, शाखा उपाध्यक्ष सीएन सिंह, पेंड्रारोड शाखा सचिव एन हेमंत कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष हरीश सिंह, युवा नेता अनुराग तिवारी ने कहा मजदूर कांग्रेस समस्त रेल कर्मचारियों के आवासों, बिजली, पानी, रोड चिल्ड्रेन पार्क आदि जैसे विकास कार्यों करा रही है, बैठक का संचालन शहडोल शाखा के सहायक सचिव केडी मिश्रा ने किया, कैडर मीटिंग में भारी संख्या में रेलवे कर्मचारी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जिले के 555 हितग्राहियों के बैंक खातों में अंतरित हुई सहायता राशि

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनकल्याण (संबल) योजना के तहत मंत्रालय भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के तहत जिले के कुल 555 हितग्राहियों के बैंक खातों में 12 करोड़ 75 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले की समस्त जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों में किया गया। एनआईसी कक्ष नरसिंहपुर में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, श्रम पदाधिकारी सुश्री दामिनी सिंह, श्रम निरीक्षक और हितग्राही मौजूद थे। सभी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित उक्त कार्यक्रम का संजीव प्रसारण देखा व सुना।

# आयुष्मान कार्ड की उपलब्धि बढ़ाने के निर्देश दिए

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों और गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यक्रमों और गतिविधियों के संबंध में उपलब्धियों की जानकारी ली। बैठक में गोटेगांव और सांईखेड़ा ब्लॉक में आयुष्मान कार्ड की उपलब्धि कम पाए जाने पर बीसीएम को नोटिस जारी करने और एक सप्ताह में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए।





### पंजीयन में प्रगति लाने के निर्देश

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में गर्भवती माताओं के पंजीयन की समीक्षा की। उन्होंने एएनसी पंजीयन की उपलब्धि कम पाए जाने पर निर्देशित किया कि जिन हितग्राही के समग्र आईडी नहीं बने हैं, उनकी समग्र आईडी तत्काल बनवाकर पंजीयन कराया जाए। ऐसे ग्राम चिन्हित किए जाएं, जिनमें एएनसी पंजीयन कम है, उन स्थानों पर स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा सर्वे कराया जाए। बैठक में पंजीयन जांच की प्रगति कम होने पर प्रत्येक शनिवार को सेक्टर स्तर पर बैठक आयोजित कर एएनएम को निर्देशित कर शतप्रतिशत चार पंजीयन जांच अपडेट कराई जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिन महिलाओं के द्वारा ई-केवायसी एवं डीबीटी नहीं कराई गई है। ऐसी महिलाओं के नाम सहित ग्रामवार एवं वार्डवार लिस्ट तैयार कर पूर्ण करें।

### निरंतर मॉनिटरिंग व उपचार के निर्देश

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे महिलाओं और बच्चों जो प्रसव पश्चात अस्पताल से डिस्चार्ज हुए हैं, उनकी निरंतर मानीटरिंग व उपचार किया जाए, जिससे मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। उन्होंने बैठक में एचबीएनसी की मॉनिटरिंग करने और महिलाओं से संवाद कर उनके स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सलाह देने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से मिलकर आशा एवं आंगनबाड़ी की ब्लॉक स्ष्तर पर समन्वय स्थापित करने को कहा। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में क्षय नियंत्रण कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा, शतप्रशित स्ष्क्रीनिंग, एक्ष्स-रे, निक्षय मित्र के संबंध में समीक्षा की।

### हेल्थ कैम्प आयोजित कर करें

उन्होंने पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती बच्चों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पोषण पुर्नवास केन्द्र में बच्चों के लिए शत-प्रतिशत बेड उपलब्ध रहे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि जनगणना कर रहे दल को ओआरएस के पैकेट उपलब्ध कराए जाएं। हेल्थ कैम्प आयोजित कर जनगणना दल की स्वास्थ्य जांच किया जाए। बैठक में टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत एचबीपीव्ही टीकाकरण, पूर्ण टीकाकरण, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा किए जा रहे भ्रमण एवं परख एप में भ्रमण की एंट्री, यू विन पोर्टल पर शत-प्रतिशत टीकाकरण की एंट्री तथा सीएम हेल्प्प लाईन की गहन समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. आर.के. चैधरी, समस्त कार्यक्रम अधिकारी, बीएमओ, स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के समस्त जिला व ब्लॉक स्तरीय और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# कलेक्टर ने किया ग्राम पंचायत शेढ़, बेलखेड़ी व खापा का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने गोटेगांव विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत शेढ़ बेलखेड़ी एवं ग्राम खापा का भ्रमण कर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कंटूर ट्रेंच निर्माण की प्रगति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम पंचायत शेढ़ बेलखेड़ी में लगभग 30 एकड़ शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को 48 घंटे के भीतर हटाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अतिक्रमण हटने के बाद उक्त भूमि पर कंटूर ट्रेंच का निर्माण कराया जाए, जिससे वर्षा जल का संरक्षण एवं भू-जल स्तर में वृद्धि सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बेलखेड़ी में संचालित गौशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि गौशाला परिसर की भूमि में भी कंटूर ट्रेंच बनाए जाए, ताकि जल संरक्षण को बढ़ावा मिले। साथ ही गौवंश के लिए पर्याप्त हरे चारे की व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उदय सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## शराब दुकान हटाने को लेकर महिलाओं का आंदोलन जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट शहर की बुढ़ी शराब दुकान हटाने को लेकर चल रहे आंदोलन में शुक्रवार रात एक अनोखा वाकया सामने आया। दुकान पर शराब खरीदने आए एक व्यक्ति का आंदोलनकारी महिलाओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया। इसी दौरान वहां मौजूद विधायक अनुभा मुंजारे ने उस व्यक्ति को जमकर फटकार लगाई।**

विधायक मुंजारे ने शराब खरीदने आए व्यक्ति से कहा, ₹तुम्हें शर्म नहीं आती? मां-बहनें यहां शराब दुकान हटाने को लेकर आंदोलन कर रही हैं और तुम शराब लेने आए हो। तुम्हारे घर में मां-बहनें नहीं हैं क्या?₹ इस पर व्यक्ति ने बताया कि वह किसी और के लिए शराब लेने आया था। दरअसल, महिलाएं लगभग 25 दिनों से इस शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही हैं। इस आंदोलन को समय-समय पर भाजपा, कांग्रेस और अन्य दलों का समर्थन भी मिल रहा है। शुक्रवार रात विधायक अनुभा मुंजारे भी आंदोलनकारी महिलाओं के समर्थन में पहुंची थीं। मीडिया से बात करते हुए विधायक मुंजारे ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है और प्रशासन भी उन्हीं का है। उन्होंने कहा, ₹हम तो विपक्ष में बैठे हैं और सरकार को आईना दिखाने का काम कर रहे हैं। यदि हमारी सरकार होती तो महिलाओं को इतने दिनों तक आंदोलन नहीं करना पड़ता। आंदोलन कर रही महिलाओं ने बताया कि उनका प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक दुकान को हटाया नहीं जाता। इस मामले में प्रशासन या आबकारी विभाग की ओर से कोई आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है, जिससे प्रदर्शनकारियों का गुस्सा और बढ़ रहा है।

# अवैध कच्ची मदिरा व 820 किग्रा महुआ लाहन बरामद

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में, जिला आबकारी अधिकारी बृजेन्द्र कोरी के मार्गदर्शन में और सहायक जिला आबकारी अधिकारी बीएल उईके के नेतृत्व में जिले में मदिरा संबंधी अवैध गतिविधियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वृत्त नरसिंहपुर के अंतर्गत ग्राम खमतरा एवं बचई में आबकारी बल द्वारा दबिश देकर अवैध मदिरा पर कार्यवाही की गई। इस दौरान कच्ची हाथ भट्टी अवैध मदिरा एवं 820 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। इस पर मप्र आबकारी अधिनियम 1915 संशोधन 2000 के तहत 3 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए। इसी दौरान दो मदिरा दुकानों का भी सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के लिए संबंधित लायसेंसियों के विरूद्ध विभागीय प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी रवीन्द्र जैन, आबकारी उप निरीक्षक सतीश कुमार, भ्रांति सैयाम, आकांक्षा धनोतिया, आबकारी मुख्य आरक्षक सदर सिंह बरकड़े, आबकारी आरक्षक लालजी चैधरी, नवल सिंह ठाकुर, राकेश जादोन, ब्रिज किशोर सोनी, अनिल राठौर, दीपांश चैकसे, महिला आरक्षक अंकिता शुक्ला एवं नगर सैनिक मौजूद थे।




# रासेयो द्वारा मनाया गया मजदूर दिवस

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.बी.सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रानी कुमारी, सह प्रभारी प्रो.प्रीति कौरव के मार्गदर्शन में एवं दलनायिका मनीषा राजपूत के नेतृत्व में मजदूर दिवस के अवसर पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रानी कुमारी , सह प्रभारी प्रो.प्रीति कौरव एवं श्रीमती कल्पना साहू उपस्थिति रहीं । व्याख्यान माला में प्रो. प्रीती कौरव ने स्वयंसेवकों को मजदूरों के महत्व को बताते हुए कहा की मजदूर ही विकसित समाज की रीढ़ है चाहे वे किसी उद्योग में काम करने वाले मजदूर हों या खेतों में काम करने वाले किसान या निर्माण में लगे हुए श्रमिक आज हम जो भी सुविधाओं का उपभोग कर रहे हैं उसके पीछे किसी न किसी मजदूर का ही हाथ है और ऐसे मजदूरों के सम्मान में ही हर वर्ष 1 मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है । कार्यक्रम में स्वयंसेवकों में दलनायिका मनीषा राजपूत, मीडिया प्रभारी श्रुति गुप्ता, दीक्षा वर्मा, अंजली चैधरी, पिंकी मेहरा, दीक्षा सेन, मुस्कान पांडे, तरन्नुम आदि उपस्थित रहीं ।



# अवैध परिवहन करते हुए ट्रेक्टर-ट्राली जब्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए शनिवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनिज विभाग द्वारा एक ट्रेक्टर-ट्राली खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर प्रकरण तैयार कर वाहन को पुलिस थाना तेंदूखेड़ा की अभिरक्षा में रखा गया है। प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा नरसिंहपुर ने बताया कि जिले में इस प्रकार की कार्यवाही सतत होती रहेगी।

## जनगणना के प्रथम चरण के तहत घर-घर पहुंच रहे प्रगणक



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपन्न किया जाएगा, जिसमें प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य एक मई से 30 मई 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इस चरण में आधुनिक डिजिटल तकनीक और स्व-गणना की सुविधा का उपयोग किया जा रहा है। स्व-गणना करने वाले नागरिक प्रगणकों के घर-घर भ्रमण के दौरान अपना एसईआईडी नंबर साझा कर सत्यापन प्रक्रिया में सहयोग कर रहे हैं, जिससे मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना की प्रक्रिया को पूर्ण किया जा रहा है। निर्धारित अवधि के दौरान प्रगणक घर-घर जाकर भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 33 प्रश्नों के माध्यम से आवश्यक जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। साथ ही नक्शे पर मकानों का सूचीकरण करते हुए समस्त जानकारी का संकलन ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप से किया जा रहा है। नागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें, ताकि जनगणना प्रक्रिया को सफलतापूर्वक और समय पर पूर्ण किया जा सके।

## किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सीएम किसान हेल्पलाइन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं मार्गदर्शन के लिए सीएम किसान हेल्पलाईन 155253 का शुभारंभ 30 अप्रैल 2026 को किया गया है। प्रदेश एवं जिले के किसान हेल्पलाईन नंबर 155253 पर कॉल कर अपनी खेती संबंधित समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। विभाग द्वारा किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। कृषि विशेषज्ञों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा खेती संबंधित आवश्यक सुझाव एवं समस्याओं का निराकरण भी किया जायेगा। इस संबंध में परियोजना संचालक आत्मा नरसिंहपुर आरपी झारिया ने जिले के समस्त किसानों से अपील की है कि वे कृषि फसलों से सबंधित समस्याओं, कृषि तकनीक, कृषि योजनाओं, उन्नत कृषि यंत्रो और अन्य कृषि संबंधित समस्त जानकारी के लिए किसान हेल्पलाईन 155253 का अधिक से अधिक उपयोग करें। उन्होंने बताया कि उक्त हेल्पलाइन के माध्यम से किसानों को केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही किसानहितैषी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने और आधुनिक कृषि तकनीकों संबंधी सलाह प्राप्त की जा सकती है। अतः जिले के सभी किसानों से अपील है कि गई है कि वे सीएम किसान हेल्पलाईन 155253 सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी खेती को सुरक्षित एवं लाभकारी बनाएं।

## अस्तित्व खोते नाले का सड़ांध मारता पानी

# उद्धार की दिशा में नहीं हो रही उचित पहल

तेंदूखेड़ा





एक तरफ जहां जल संरक्षण और जल स्त्रोतों को सहेजने की दिशा में शासन प्रशासन द्वारा तरह तरह के अभियान चलाये जा रहे हैं। लेकिन तेंदूखेड़ा के बीचों बीच बहने वाले नाले का उचित रखरखाव ना होने प्रशासनिक अनदेखी और लोगों की मनमानियों के चलते नाला जहां अपने अस्तित्व को बचाने स्वयं अंतिम सांसें गिन रहा है वहीं सड़ांध मारते पानी के कारण रहवासियों को हेरानी पनपते मच्छर दुखदाई हो रहे हैं। एक समय था जब इस नाले में ऊपर रामघाट से लेकर नीचे मुलुआ कुंडी और हनुमान घाट में लोगों द्वारा कपड़े धोने से लेकर पूरा निस्तार किया करते थे। गर्मी के दिनों में नहाते आनंद लेने का प्रमुख केन्द्र माने जाते थे। पुजारी मुहल्ला वाले घाट पर गर्मी के मौसम में गेहूं धुलाई का काम चलता था।

### प्रशासनिक अनदेखी के चलते लोगों ने पैर पर पटकी कुल्हाड़ी

इसे प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही कहें या फिर स्वयं लोगों की उदासीनता नगर की साफ सफाई का कचड़ा और मैला घरों के सैप्टिक टेंकों से निकलने वाला निस्तार का पानी इसी नाले में डालने के कारण लोगों ने इसका उपयोग बंद कर दिया। उपेक्षित नजरिए के चलते नाला लगभग अंतिम स्थिति में पहुंचता जा रहा है। जहां तहां भरा पानी सड़ांध मारने लगा है। और मच्छर पनप रहे हैं।कृषि योग्य भूमि में सिंचित करने के लिए जरुरत मंद अपने हिसाब से विद्युत मोटर पंपों का सहारा लेकर दूर दूर तक पानी ले जाया करते हैं।

### किसी बड़ी योजना के माध्यम से हो सकता है उद्धार

नदी नालों को पुर्नजीवित करने की दिशा में शासन द्वारा योजनाएं चलाई जा रही है।किसी बड़ी योजना के माध्यम से इस नाले को ऊपर जामनपानी से लेकर नीचे पुजारी मुहल्ला तक साफ सफाई के साथ इसके गहरीकरण और उचित रखरखाव की दिशा में पहल आवश्यक है।नाले के उद्धार से ना केवल लोगों का निस्तार होगा बल्कि आस पास के हेंडपंपों में जमीनी जल स्तर बढ़ने से पानी भी मिलेगा।गंदगी से और मच्छरों की समस्या से कुछ हद तक निजात मिलेगा। मवेशियों को पीने योग्य पानी भी मिलने लगेगा।


# कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ



**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस आदर्शज्ञान ज्योति हायर सेकेण्डरी विद्यालय लोलरी परिसर में फिजिकल एकेडमी कबड्डी का शुभारंभ जिसमें बच्चों को फिजिकल और राव अनुज प्रताप सिंह संचालक देवेन्द्र पटेल की उपस्थिति में किया गया।इस मौके पर संस्था प्रमुख देवेन्द्र पटेल ने स्पष्ट किया कि अनुशासन में रहने की शिक्षा हमारा लक्ष्य बच्चों को मोबाइल की दुनिया से बाहर निकालना और मैदान की पहचान कराना है ।जिससे शरीर फ़िट और मानसिक तनाव दूर रहता है ।हमारा उद्धेश्य बच्चों को नया मंच तैयार करना है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि युवा नेता राव अनुज प्रताप ने स्पष्ट किया कि युवाओं को धरातल पर इस तरह का माहौल तैयार करना आज के समय की महती आवश्यकता है।इस मौके पर स्कूल के संचालक देवेंद्र पटेल आयोजक आदर्श पटेल प्राचार्य जितेन्द्र राय खेल शिक्षक नीतेश कौरव एवं फिजिकल एकेडमी के कोच गेंदालाल पटेल गणेश यादव तुलसीराम ठाकुर संतोष साहू प्रमुख रुप से उपस्थितथे।

# अचानक बिगड़ा मौसम का मिजाज

## तेज हवाओं के बीच गिरे वृक्ष



डोभी शनिवार को अचानक मौसम का मिजाज बिगड गया तेज हवाओं के बीच जहां तहां से टीन टप्पर उड़ गए और यहां तक कि तेंदूखेड़ा डोभी सड़क मार्ग पर आलीशान वृक्ष उखड़कर बीच सड़क पर गिर गये जिससे सड़क मार्ग लंबे समय तक मार्ग बंद रहा।

# उपार्जन केन्द्रों पर ट्रेक्टर ट्रालियों की एक कि मी लंबी कतारें

**तेंदूखेड़ा** समर्थन मूल्य पर होने वाली विभिन्न जिंसों की खरीद केंद्रों पर किसान अपनी कृषि उपज को तुलाने के लिए बड़ी संख्या में एक किमी लंबी लंबी कतारों में पिछले पांच से सात दिन से खड़ा हुआ है। किसानों का कहना है कि एक तो सिलाइड बुक करने में परेशानी हो रही है। सात दिन से लाइन में खड़े हुये है। जैसे तैसे नंबर लग भी जाता है तो फिर सर्वेयरों की इच्छा शक्ति पर निर्भर हो पाता है कि उपज ठीक है या नहीं।आरजू मिन्नत और सुविधा शुल्क के बाद में फिर वही उपज ठीक हो जाती है।





### चिलचिलाती धूप में खड़े हैं सड़कों पर

वास्तव में किसानों को उपज पैदा करने से लेकर बेचने तक संघर्ष ही संघर्ष करने पड़ते हैं। किसानों का कहना है कि चिलचिलाती धूप 44 डिग्री में खुले आसमान के नीचे उपार्जन केन्द्रों पर खड़ा रहना पड़ रहा है। तत्काल वारिस हो जाये तो उपज को ढकने की व्यवस्था करने जैसी कई प्रकार की झंझावतें है। यहां तक की पीने के पानी तक की कोई उचित व्यवस्था ना होने के कारण किसानों को स्वयं पानी की कुप्पियां भरकर ले जानी पड़ रहीं हैं।एक आदमी अलग से भोजन लेकर जाने आने में लगा हुआ है।

### उपार्जन केन्द्रों पर बारदानें की समस्या

हमारे प्रतिनिधि को किसानों ने बताया कि कुछ केंद्रों पर पिछले दो दिनों से बारदानें की समस्या बनीं हुई है।जिस कारण से तुलाई में और भी समस्या बढ़ रही है। हजारों लाखों क्विंटल अनाज को भरने के लिए चंद बोरा एक ही दिन में भर जाते हैं।सोसाइटियों के माध्यम से खाद्य विक्रय केंद्रों पर आने वाला बारदाना में भी ऊपर से लेकर नीचे तक एक बहुत बड़ा गेम चलता है। और सरकारी धन का गेम भी होता है।

### विधायक ने उपार्जन केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

तेंदूखेड़ा क्षेत्र में बनें विभिन्न उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के द्वारा लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया और केंद्र में उपस्थित समीति प्रबंधक सर्वेयर कर्मचारियों हम्मालों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि तुलाई को लेकर किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।शासन की मंशा अनुसार नियमानुसार काम होना चाहिए।